Bharat Temples

माता तेरे चरणों में हर सुख जीवन का पाया है दौड़ी आई है तू दिल से जब-जब तुझे बुलाया है Bhajans Bhakti Songs

माता तेरे चरणों में हर
सुख जीवन का पाया है।
दौड़ी आई है तू दिल से
जब-जब तुझे बुलाया है।

वेद-पुराणों ने तो माता
तेरे ही गुण गाये हैं,
नारद जी की वीणा ने
भी तेरे गीत सुनाये हैं।

तेरी ही महिमा ने धरती
का उपवन महकाया है,
माता तेरे चरणों में हर
सुख जीवन का पाया है।

ऊँचे पर्वत रहनेवाली,

तेरी शान निराली है,
तू ममता की मूरत,
करती भक्तों की रखवाली है।

तेरी लीला तू ही जाने,
दुनिया तेरी माया है,
माता तेरे चरणों में हर
सुख जीवन का पाया है।

सबकी सुनती है तू माता,
बिगड़ी बात बनाती है,
सिर ऊँचाकर जीना मैया,
तू ही तो सिखलाती है।

सोई थी मेरी किस्मत,
माँ तूने उसे जगाया है,
माता तेरे चरणों में हर
सुख जीवन का पाया है।

Source:
https://www.bharattemples.com/mata-tere-charnon-mein-har-sukh-jeevan-ka-paya-hai/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw